## एक नजर में

### सीएम राइज स्कूल एडमिशन शेड्यूल जारी, 23 मार्च से रजिस्ट्रेशन शुरू

**बाकानेर ।** सीएम राइज स्कूल में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया 23 मार्च से शुरू होगी । आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2026 दोपहर 3ः00 बजे तक रहेगी। जारी की गई समय सारणी के अनुसार, विभिन्न कक्षाओं के लिए पंजीकरण और प्रवेश की तारीखें निर्धारित की गई हैं। प्राचार्य डाक्टर अनीता सोनी ने बताया सीएम राइज स्कूलों में के जी 01से, कक्षा-11, और के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 23 मार्च 2026 से शुरू होगी। के जी 01, 02 एवं पहली में हिंदी माध्यम मे रिक्त पदों के विरुद्ध तथा दूसरी से कक्षा आठवीं तक रिक्त सीटों की विरुद्ध एवं कक्षा 9वी एवं 11वीं में नवीन प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म कार्यालय समय में जमा कर सकते हैं प्राचार्य श्रीमती सोनी ने बताया कि शासकीय कार्य दिवस में प्रतिदिन 23 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक दोपहर 12ः00 बजे से दोपहर 2ः30 बजे तक आवेदन फॉर्म वितरित किए जाएंगे एवं दोपहर3 बजे तक आवेदन फार्म जमा किए जाएंगे के जी 01 में प्रवेश हेतु बालक बालिका की आयु 31 मार्च 2026 को 4 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए एवं कक्षा पहली में प्रवेश हेतु आयु 6 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए उपरोक्त रिक्त सीटों पर सी एम राईस विद्यालय बाकानेर में आवेदन पत्र जमा होने पर लॉटरी सिस्टम से विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा लॉटरी सिस्टम के द्वारा किया जाएगा। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय समय में प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं

### डॉ. दीपेंद्र शर्मा इंटेक गव्हरनिंग काउंसिल में

**धार /-** इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति के क्षेत्र में पिछले 3



दशकों से सक्रिय भोज शोध संस्थान के निदेशक व इंटेक के धार चैप्टर कन्वेनर डॉ दीपेंद्र शर्मा इंटेक नईदिल्ली की गव्हरनिंग काउंसिल के चुनाव में विजेता हुए है। देशभर के इंटेक आजीवन सदस्यों के 1113 वोट लेकर डॉ दीपेंद्र शर्मा विजेता हुए है। इनका कार्यकाल 3 वर्ष रहेगा। संस्कृति एवं पुरातत्व संरक्षण के क्षेत्र प्रतिष्ठित इंडियन नेशनल ट्रस्ट फार आर्ट एंड कल्चरल हैरिटेज इंटेक के 7 आजीवन सदस्यों में इंजीनियर वेदकुमार मनीकोंडा हैदराबाद, पुरातत्वविद मालविका पठानिया दिल्ली, नीलकमल माहेश्वरी ग्वालियर, आर्किटेक्ट नवीन पिपलानी दिल्ली, आर्किटेक्ट मीरा अय्यर बैंगलोर व आर्किटेक्ट डॉ मदुरा राठौर नागपुर 16 उम्मीदवारों से चुने गए है। इंटेक चेयरमैन श्री अशोक सिंह ठाकुर, रिटायर्ड ब्लूस मैम्बर सेक्रेटरी रवीन्द्रन सिंह ने उनका सम्मान किया। इंटेक धार के सदस्यों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्क? ने दी।

### दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान- 2 दिवसीय वर्ग आयोजित





**सरदारपुर ।** वर्ग के दौरान अलग-अलग 8 सत्र का आयोजन कर कार्यक्रताओ का जानकारी दी गई । सत्र में वक्ता अनंत पंवार, राखी राय, डां शरद विजयवर्गी, राकेश पटेल,नरेश राजपुरोहिज,महेन्द्रसिह चाचुबना, सोनू रघुवंशी, के साथ समपान अवसर पर जिलाध्यक्ष मंहत निलेश भारती ने कहॉ भाजपा की केन्द्र सरकार हमेशा जनकल्याणकारी योजना बनाकर हर वर्ग का ध्यान रखा हैं । कांग्रेस शासन में क्या विकास की क्या स्थिति थी यह हर किसी को पता है मगर भाजपा ने आज चारों ओरओर विकास की गंगा बह दी परिणाम हम देख रहे है कि विकास पूरे देश मे नजर आ रहा है। साथ ही कई बातो पर विस्तार से बताया । ?भजनः-वर्ग में टाण्डाखेडा के कलाकरो द्वारा एक से बढकर एक भजन प्रस्तुत किये जिसका आनंद हर किसी ने लिया भजन ने हर किसी को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया वही इन भजनो से धार्मिक माहौल बन गया । ?उपस्थितः- दो दिवसीय आवासीय प्रषिक्षण वर्ग में भाजपा के पूर्व जिला मंत्री मुकेश केवलजी पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य सुश्री गायत्री पुरोहित, भाजपा मण्डल अध्यक्ष विजय दीक्षित, नारायण मुकाति,,बाबुलाल चावडा,ओमप्रकाश खमालिया ,देवेंद्र पाटीदार,जगदीश काग, सुरेश पाटीदार,रवि पाठक, रघुनाथ यादव ,प्रेम केवट, सोनू रघुवंशी, हेमंत शर्मा, धर्मेंद्र यादव, कान्हा गोस्वामी, जनपद सदस्य= धूलजी रेवाटिया ,जगदीश काग, , राजश्री रावत ,कन्हैयालाल पाटीदार, रुपचंद भालोड, इन्दरसिह दरबार, गोविन्द कानाभोपा,बालमुकुन्द पाटीदार, हरिराम मारु, मुकेश पटेल दिलीप सोनी , बगदीराम फुलकर अनिल पाटीदार, श्री मती राजश्री रावत, रघुनाथ यादव, सोनू रघुवंशी गोपाल वैष्णव, हेमंत शर्मा,श्री मती साधना भाटी ,देवानंद पाटीदार, भरत पाटीदार पाना, राजेश भूत, प्रदीप पाटीदार, कैलाश पाटीदार, कंवरलाल हीरातेजा, अर्जुन सोलंकी, ,विशेष अतिथि थे । कार्यक्रम का संचालन शुभम दीक्षित ने किया आभार दिनेश पटेल ने व्यक्त किया





# नववर्ष गुड़ी पड़वा नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है : भारती

- धाकड इन्दर सिंह चौधरी कबीर पंथी टीम सागौर द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी
- भाजपा जिला कार्यालय पर हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा महोत्सव मनाया





**धार ।** हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा धार्मिक एवं सांस्कृतिक परम्परा स्वरूप चैत्र नवरात्रि प्रथम दिन गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर उत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती विधायक नीना वर्मा जिला पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष पंडित छोटू शास्त्री समेत विभिन्न समाज प्रमुख द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वालित व गौ माता पूजन कर हिन्दू नववर्ष उत्सव आरंभ किया गया।

धाकड़ इन्दर सिंह चौधरी कबीर पंथी टीम सागौर द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। भाजपा जिला कार्यालय को प्राचीन सांस्कृतिक परम्पराओं के अनुरूप सजाया गया व पूर्व संध्या पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई।

भारत प्राचीन सभ्यता और समृद्ध परम्पराओं वाला देश है, जहाँ वर्ष की शुरुआत केवल एक कैलेण्डर परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह पर्व एक सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

हिन्दू धर्म में नया वर्ष चैत्र माह की शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ होता है, जिसे हिन्दू नववर्ष कहा जाता है। इस दिन को देश में अलग-अलग क्षेत्रों में अलग नामों से मनाया जाता है। यह पर्व नई शुरुआत, आशा, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है।

### राजा विक्रमादित्य ने इसी दिन से विक्रम संवत की स्थापना की थी

भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि यह पावन पर्व हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति के अनुसार नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। यह दिन हमें नई ऊर्जा, नई आशा और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हिन्दू धर्म ग्रन्थों के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का दिन अत्यन्त शुभ और पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि इसी दिन सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना प्रारम्भ की थी। इसलिए यह दिवस सृष्टि के आरम्भ और नये जीवन के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। एक अन्य मान्यता के अनुसार महान राजा विक्रमादित्य ने इसी दिन से विक्रम संवत् की स्थापना की थी। विक्रम संवत् भारत का एक प्राचीन पंचाग है, जो आज भी धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यों में उपयोग किया जाता है। ऐतिहासिक रूप से भी यह दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त यह भी कहा जाता है कि भगवान राम के राज्याभिषेक के बाद अयोध्या में नये युग की शुरुआत का प्रतीक भी यही दिन माना गया।

> भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर्व उत्सव पर भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप सिंह पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मे?า भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने व राकेश पटेल सिख समाज गुरुद्वारे से ज्ञानी मंजीत सिंह खालसा दरबार सिंह वरिष्ठ नागरिक प्रमोद टोंगिया प्रबुद्धजन वल्लभ अग्रवाल मोहित तांते? सहित भाजपा वरिठ नेता जिला पदाधिकारी जिले के मंडल अध्यक्ष मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रकोष्ठ जिला संयोजक पत्रकार गण उपस्थित रहें।



## नगर परिषद उपाध्यक्ष के घर चोरी, ईद का सामान भी ले गए चोर

**कुक्षी ।** बीती रात बेखौफ चोरों ने नगर परिषद उपाध्यक्ष शब्बर बोहरा के सुसारी रोड स्थित निवास को निशाना बनाया। चोरों ने घर से 2 लाख रुपये की नकदी सहित एलईडी टीवी, आभूषण और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि चोरों ने बोहरा समाज की ईद के लिए विशेष रूप से मंगवाए गए परफ्यूम और मिठाइयों को भी नहीं छो?ा।

पीछे की खिड़की तोड़कर घुसे चोर-जानकारी के अनुसार, चोरों ने घर के पीछे की खिड़की तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अलमारी में रखे 2 लाख रुपये नकद, एक सोने की अंगूठी, तीन घड़ियां और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। पहचान छुपाने के उद्देश्य से चोर अपने साथ सीसीटीवी सिस्टम का डीवीआर (ष्ठङ्कक्र) भी उखाड़ ले गए।

आंख खुली तो सामने से भागते दिखे बदमाश-घटना का पता रात करीब 3ः30 बजे चला जब उपाध्यक्ष की पत्नी की नींद खुली और उन्होंने घर का दरवाजा खुला देखा। शोर मचाने पर शब्बर भाई बोहरा गैलरी में आए, जहाँ उन्हें दो संदिग्ध भागते हुए दिखाई दिए। उन्होंने तुरंत पड़ोसी रामदयाल को फोन कर मदद मांगी, लेकिन जब तक लोग इकट्ठा होते, चोर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो चुके थे ।पुलिस जांच शुरू, पिछले साल की चोरी का भी अब तक सुराग नहींसूचना मिलते ही कुक्षी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

# हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर घरों में हुई गुड़ी की पूजा

- शिशु मंदिर के बच्चों ने मनाया गुड़ी पडवा पर्व

**बाग ः-** चैत्र नवरात्रि के साथ ही शुरू हुए हिंदू नववर्ष पर नगर में विभित्र आयोजन किए गए और इस दिन को गुड़ी पड़वा के रूप में मनाते हुए सूर्योपासना के साथ आरोग्य-समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान अनेक घर में विजय के प्रतीक स्वरूप गुड़ी सजाई गई। उल्लेखनीय है कि हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा 19 मार्च गुरुवार को देश प्रदेश के साथ नगर में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के शिमला चौपाटी, सेठ के बगीचे में निवासरत उदय देवैसकर महाराष्ट्रीयन परिवार द्वारा घर के आगे एक-एक गुड़ी झंडा लगाकर कि गई और उसके साथ स्वास्तिक चिन्ह वाला एक बर्तन तथा रेशम का कपड़ा भी रखा गया। देवैसकर ने बताया की हमारे महाराष्ट्रीयन परिवारों में गुदी नव वर्ष की खुशी में बांधी जाती है इस दिन सुबह गुढी को बना कर घर के बाहर बांधा जाता है इसमें नई साड़ी शकर की माला फूल की माला नीम व आम के पत्ते तथा एक लोटे का उपयोग



होता है। दोपहर में श्रीखंड,पूरन पोली पूरी सब्जी दाल चावल करी की चटनी चने की पिसी हुई सुखी दाल आदि का भोग लगाया जाता है। संध्या के समय सूर्य अस्त के पहले गुढी को उतारा जाता है नई साड़ी को इस दिन घर कीमहिला द्वारा पहना जाता है। गुढी का महत्व खुशी की ध्वजा के रूप में भी है। नगर में गुड़ी पड़वा पर परम्परा के अनुसार ज्यादातर परिवारों में नीम पत्तियां, गुड़ और इमली से बने पकवान पकाए गए। महिलाओं द्वारा गुड़ी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई।



### शिशु मंदिर के बच्चों ने मनाया गुड़ी पडवा पर्व-

नगर की सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ नगरवासियों के मनाया। हिंदू नववर्ष और महाराष्ट्र के प्रमुख पर्व %गुड़ी पड़वा% की भारी धूम रही। स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भारतीय पारंपरिक वेशभूषा में सजकर इस उत्सव को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया। प्रधानाचार्य यामिनी सोलंकी ने भैया और बहनों को गुड़ी पड़वा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व नई शुरुआत, प्रकृति के प्रति आकर्षण और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़े रहने की प्रेरणा दी ।कार्यक्रम के अंत में बाग वासियो के परिवार और दुकान पर पहुंच माथे पर तिलक लगाकर नव वर्ष की मंगलमय शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए लिम के रस का सेवन कराया साथ ही प्रसाद ( मिठाई) का वितरण कि गई। इस परिवार सम्पर्क के माध्यम से बच्चों ने न केवल उत्सव का आनंद लिया, इस अवसर पर विधालय परिवार कि दुर्गा भंवर,कुमारी अनिता गाडरिया,कुमारी यामिनी सोलंकी और बहन अंजलि मसानियालक्ष्मी बामनिया अर्पिता बामनिया आदि स्कुल कि बहने उपस्थित रही।

## एक नजर में

**महाराजा भोज फाउंडेशन द्वारा आयोजित सूर्य अर्ध्य कार्यक्रम संपन्न**

# सूर्य अर्ध्य पूजन अपनी समृद्ध पंरपराओं के प्रति दृढ़ निष्ठा का भाव जागृत करता है

**धार. हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर महाराजा भोज फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला सूर्य अर्घ्य पूजन कार्यक्रम इस वर्ष भी धार किले की प्राचीर पर भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम विगत 16 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है।**

संस्कृति संरक्षण के संकल्प के साथ आयोजित यह सामूहिक सूर्य अर्घ्य कार्यक्रम सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने एवं अपनी समृद्ध परंपराओं के प्रति दृढ़ निष्ठा का भाव जागृत करता है। विशेष रूप से नई पीढ़ी (त्वद्गठ्ठ ' एवं मिलेनियल्स) को अपनी संस्कृति के मूल से परिचित कराने का यह प्रयास अब एक सशक्त परंपरा बन चुका है। कार्यक्रम में धार नगर के विभिन्न वर्गों एवं सभी आयु वर्ग के प्रबुद्धजन उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए।





### तुलसी के पौधों का वितरण किया गया

संस्था के अध्यक्ष दीपक बिड़कर ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की। आयोजन को सफल बनाने में राजेश गुप्ता, सुरेन्द्र ठाकुर, रिंकु मेरवानी,दिक्षांत तराणेकर, विकास गुणे, योगेश शर्मा दीपक सिगारे,विकास गुने, हार्दिक दांडक, सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर तुलसी के पौधों का वितरण भी किया गया। पूजन कार्यक्रम पं. निलेश व्यास के आचार्यत्व में सम्पन्न हुआ तथा संचालन अंशुल शर्मा ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन शैलेन्द्र चौरसिया द्वारा किया गया ।कार्यक्रम की जानकारी महाराजा भोज फाउंडेशन के अध्यक्ष दीपक बिड़कर द्वारा दी गई।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विशेष अतिथि सुधीर वर्मा, श्री राकेश राजपुरोहित एवं डॉ. संदीप खटोड़ उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक ज्ञानेंद्र त्रिपाठी रहे। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक श्रीमती अंजलि देवेन्द्र रावल, सहसंयोजक रेणुका पियुष गायकवाड़, सविता विष्णु पाटीदार, स्वप्नजा गिरीश बिड़कर एवं व्यवस्थापक श्री शैलेन्द्र चौरसिया द्वारा किया गया।